Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding sugar mills in Salempur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- Laid

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर (उत्तर प्रदेश) देवरिया जनपद (उ०प्र०) के प्रतापपुर में स्थित बजाज ग्रुप की चीनी मिल को वहां के प्रबंधन द्वारा हमेशा के लिए बंद कर देने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है । इसके चलते मिल कर्मचारियों, गन्ना किसानोंऔर जनप्रतिनिधियों में व्यापक आकोश है । देवरिया जनपद की पांच चीनी मिलों में एक भारत सरकार में वस्त्र मंत्रालय के उपक्रम बी0आई0सी0 द्वारा संचालित गौरीबाजार की चीनी मिल करीब दो दशक से बंद है । इसी तरह उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम द्वारा संचालित भटनी, देवरिया तथा बैतालपुर की चीनी मिलें लगभग आठ साल से बंद पड़ी हैं । निजी क्षेत्र की प्रतापपुर चीनी मिल जिले की एकमात्र चालू चीनी मिल थी । ऐसी हालत में इसके बंद हो जाने पर इस जिले का गन्ना उद्योग चौपट हो जायेगा और गन्ना किसान तथा बेरोजगार किये जाने वाले चीनी मिल मजदूर बदहाली के शिकार हो जायेंगे क्योंकि गन्ना ही यहां के किसानों की एकमात्र नकदी फसल थी । मैं इस मान्य सदन के माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि वह उत्तर प्रदेश सरकार से समन्वय स्थापित करके गन्ना किसानों तथा मिल मजदूरों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतापपुर चीनी मिल के आधुनिकीकरण कर चालू रखने के साथ ही बंद पड़ी चीनी मिलें भटनी, देवरिया, बैतालपुर का आधुनिकीकरण करवा कर उन्हें पुनः चालू कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें ।